Email I.D. - eecdupjnagra@gmail.com

फोन नं0 0562–2857092

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उत्तर प्रदेश जल निगम, (ग्रामीण), 4/4 संजय प्लेस, आगरा–282002

पत्रांक :– 893/ समाचार कटिंग/विज्ञापन/17 दिनांक :– 03/08/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम,
6 राणा प्रताप मार्ग,
लखनऊ।

विषयः– **दिनांक 25.07.2026 को समाचार पत्र आगरा न्यूज के ई–पेपर में प्रकाशित "आगरा में सीएम योगी की सख्ती, उखड़ी सड़कें नहीं सुधरीं तो होगी एफ.आई.आर" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 25.07.2026 को समाचार पत्र आगरा न्यूज के ई–पेपर में प्रकाशित शीर्षक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद आगरा में जल जीवन कार्यक्रम फेज–4 के अन्तर्गत सतही जल स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना के कार्य प्रगति पर है, जिसमें पैकेज–1 के अन्तर्गत मैसर्स एन.सी.सी. एपको (जे.वी.) द्वारा 17 नग क्लीयर वाटर रिजर्ववायर एवं 1767 कि0मी0 राइंजिंगमेन बिछाने का कार्य प्रस्तावित है एवं पैकेज–2 के अन्तर्गत मैसर्स मेघा इंजीनिरियंग एण्ड इंफ्रास्ट्रेचर लि0 द्वारा 407 नग शिरोपरि जलाशय के निर्माण 7568 कि0मी0 वितरण प्रणाली एवं 296833 नग गृह जल संयोजन का कार्य प्रस्तावित है।

उक्त के कम में अवगत कराना है कि माह अक्टूवर– 2024 से केन्द्रांश न प्राप्त होने के कारण दोनों फर्मो का भुगतान लम्बित था, जिसके चलते कार्यो की प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है जिससे कार्य की गति अत्यन्त धीमी हो गयी है।

योजना अन्तर्गत आगरा पैकेज–1 में मैसर्स एन.सी.सी. एपको (जे.वी.) द्वारा रोड डिस्मेन्टलिंग 22.24 कि0मी0 के सापेक्ष 5.32 कि0मी0 रोड रेस्टोरेशन का कार्य कराया गया है एवं आगरा पैकेज–02 में मैसर्स मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0 द्वारा रोड डिस्मेन्टलिंग 1318.18 कि0मी0 के सापेक्ष 1197.25 कि0मी0 रोड रेस्टोरेशन का कार्य कराया गया है शेष कार्य प्रगति पर है जिसे तीन माह अन्तर्गत पूर्ण करा दिया जायेगा एवं यह भी अवगत कराना है कि ठेकेदार के द्वारा सी0सी0 रोड को तोड कर सी0सी0 रोड बनायी जा रही है। उक्त का परीक्षण टी0पी0आई0 के द्वारा किया जाता है। यदि कार्य असन्तोष जनक पाया जाता है तो नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

अतः जल जीवन मिशन फेज–4 के अन्तर्गत चल रही योजना के दोनों पैकेज के कार्यो को पूर्ण करने का लक्ष्य माह दिसम्बर–2027 है, इस सम्बन्ध में मैसर्स मेघा इंजीनिरियंग एण्ड इंफास्ट्रेचर लि0 को समयान्तर्गत कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(अवनीश सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी, आगरा।
2. मुख्य विकास अधिकारी, आगरा।
3. मुख्य अभियन्ता (आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
5. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), आगरा।
6. सम्पादक आगरा न्यूज, जनपद–आगरा।

अधिशासी अभियन्ता

lucknow